## एक नजर में

### सभी बैंकर्स पीएम स्वनिधि योजना के लोन मार्च अंत तक वितरण करें : अपर आयुक्त

**ग्वालियर।** पीएम स्वनिधि योजना में ग्वालियर निकाय की प्रगति को देखते हुए शहरी पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी लोन शत प्रतिशत माह मार्च 2026 तक वितरण करने की कार्यवाही के लिए अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने सभी बैंकर्स पीएम स्वनिधि योजना के लोन मार्च तक वितरण करने के निर्देश दिए। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने निगमायुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार सभी बैंकर्स को कहा गया कि पीएम स्वनिधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जो कि पथ विक्रेताओं को व्यवसाय में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई है। इस योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी लोन चरणबद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाना है। सभी बैंकर्स अधिक से अधिक लोन प्रकरणों को मार्च 2026 से पहले शत प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक बैंक अपने स्तर से एक ऐसा दिन तय कर लें जिससे हितग्राही चक्कर न लगाए एक ही दिन में ऋण वितरण की प्रक्रिया करा लें। अपर आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की किसी भी बैंकर्स को सहयोग की आवश्यकता हो तो वह नगर निगम से सहयोग ले सकता है। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्रीमती अमिता शर्मा, समस्त जिला समन्वय बैंक, विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक, नोडल अधिकारी सुरेश मालवीय, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती संदीप राजपूत एवं वेद सिंह राजपूत, सामुदायिक संगठन एवं पीएम स्वनिधि नगर निगम ग्वालियर टीम उपस्थित रही।

### कथाकार हरीश पाठक को मिलेगा इस वर्ष का धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान

**ग्वालियर 25 फरवरी।** वरिष्ठ कथाकार,पत्रकार हरीश पाठक को प्रतिष्ठित



धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान 2026 से सम्मानित किया जायेगा।इसके पहले यह सम्मान विश्वनाथ सचदेव,आबिद सुरती और बलराम को दिया जा चुका है। सम्मान समारोह 21 मार्च को नई दिल्ली स्थित हिन्दी भवन में शाम 5 बजे आयोजित किया गया है। श्री पाठक के अलावा इस समारोह में प्रख्यात कथाकार, व्यंग्यकार, संपादक विष्णु नागर को रवींद्रनाथ त्यागी स्मृति व्यंग्य यात्रा शीर्ष सम्मान और सोपान सम्मान विनोद कुमार विक्की और शारदा त्यागी स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान स्नेहलता पाठक को दिया जाएगा।व्यंग्य यात्रा व्यंग्य चिंतक सम्मान संयुक्त रूप से बी एल आच्छा तथा संजीव कुमार को दिया जाएगा। सम्मानित होने वाले साहित्यकारों को सम्मान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह शॉल और श्रीफल दिया जायेगा। रवींद्रनाथ त्यागी स्मृति एवं व्यंग्य यात्रा प्रबंध समिति की बैठक में बड़ी संख्या में आयी संस्तुतियों,प्रविष्टियों पर गहन चर्चा के बाद सर्व सम्मति से यह पुरस्कार तय किये गये। प्रख्यात कथाकार ममता कालिया की गरिमामयी उपस्थिति और प्रेम जनमेजय की अध्यक्षता और सरंक्षक अशोक त्यागी और महासचिव रणविजय राव इसमें शामिल थे।प्रख्यात कथाकार सूर्यबाला से फोन पर संस्तुति ली गयी।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** गोला का मंदिर क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिछले दो वर्ष से युवती को अपनी बातों में लेकर लगातार शारीरिक शोषण कर रहा था। कल मंगलवार को आरोपी ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया, लेकिन युवती ने कहा कि अब जब तक शादी नहीं करोगे तब तक कुछ नहीं होगा। आरोपी ने जबर्दस्ती करनी चाही तो युवती थाने पहुंच गई और पूरी बात पुलिस को बताई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोला का मंदिर क्षेत्र की एक कॉलोनी में 36 वर्षीय युवती से अमित जैरवार निवासी नदी पार टाल की दोस्ती वर्ष 2024 में हुई थी। आरोपी अमित जैरवार ने युवती को शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती जब भी शादी करने की बात कहती अमित जैरवार यह कहकर टाल जाता कि जल्दी ही करेंगे। पुलिस के अनुसार अमित जब हर बार शादी करने की बात से मुकरने लगा तो युवती को शक हुआ और उसने जानकारी जुटाई। युवती को पता चला कि अमित जैरवार पहले से शादी-शुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। यह बात पता चलते ही युवती के पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस के अनुसार अमित जैरवार मंगलवार को भी युवती के घर पहुंचा और उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया, लेकिन युवती ने मना कर दिया।

# जिले में बेखौफ हो रहा रेत का अवैध परिवहन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 फरवरी।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खनिज विभाग के अधिकारियों

**प्रशासन ने आज कार्यवाही कर पांच वाहन जब्त किये**

को दिन के साथ-साथ रात्रिकाल में भी छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीते रात व दिन में अलग-अलग स्थानों पर चैक प्वॉइंट लगाकर लोडिंग वाहनों की जाँच की। इस दौरान गिट्टी व रेत के अवैध परिवहन में

लिप्त पाँच वाहन जब्त किए गए। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी घनश्याम सिंह यादव ने बताया कि सोमवार की रात डबरा क्षेत्र में जाँच के दौरान रेत के अवैध परिवहन में लिप्त तीन ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त की गई हैं। इसी तरह मंगलवार को दिन में मेहरा टोल, बेरजा व बिलौआ में चैकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों की जाँच की गई। इस दौरान खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 10 चक्का वाले दो डम्फर जब्त किए गए। जब्त सभी वाहन संबंधित पुलिस थाना की अभिरक्षा में खड़े कराए गए हैं। साथ ही अर्थदण्ड के साथ-साथ अन्य कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

# स्कूल के सामने से पति ने किया पत्नी का अपहरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 फरवरी।** बच्चों को स्कूल छोड़ने गई महिला का बुधवार सुबह 8 बजे अपहरण कर लिया गया। अपहरण महिला के पति ने ही किया है, जो उससे नाराज चल रहा है। सुबह-सुबह स्कूल के सामने से इस तरह महिला का किडनैप होने की बात पता चलते ही डबरा देहात थाना

**देहात थाना क्षेत्रों की पुलिस लगी तलाशने**

पुलिस सक्रिय हुई और उसकी तलाश में जुट गई है। वरिष्ठ अफसरों ने मामले को गंभीरता से लिया है और आस-पास के थानों की पुलिस को भी महिला की तलाश में लगा दिया है। प्रीती परिहार 30 वर्ष पत्नी भरत परिहार निवासी घाटीगांव का पिछले 2 वर्ष से विवाद चल रहा है। पत्नी इस बात से नाराज होकर अपने मायके डबरा देहात में रह रही है।

**गांव में एक जगह दिखी फिर गायब हो गई**

प्रीति का अपहरण करने के बाद भरत ईको गाड़ी को गांव में इधर से उधर घुमाता रहा जिससे पुलिस कन्फ्यूज हो। पुलिस के कुछ जवानों ने गांव में गाड़ी को देखा भी, लेकिन कोई कुछ कर पाता उससे पहले ही गाड़ी आंखों से ओझल हो गई। पुलिस ने डबरा से निकलने वाले सभी रास्तों पर जबर्दस्त चेकिंग शुरु कर दी है। अपहृत महिला का कहीं पता नहीं चला है और पुलिस तलाश में जुटी है।

भरत परिहार पत्नी प्रीति को मनाने के लिए कई बार उसके मायके भी गया, लेकिन बात बनी नहीं। पता चला है कि बुधवार सुबह 8 बजे प्रीति अपने दो बच्चे जो 8 व 7 वर्ष के हैं उन्हें स्कूल छोड़ने गई थी। स्कूल अमरपुरा-चीनौर रोड पर बना हुआ है। बच्चों को स्कूल छोड़ते ही भरत ने ईको गाड़ी से उसका किडनैप कर लिया। स्कूल के सामने से इस तरह महिला को किडनैप करने की बात जैसे ही पुलिस तक पहुंची तो सब हैरान रह गए। तुरंत पुलिस ने मोर्चा संभाला और गांव में चारों तरफ पुलिस पार्टियां तैनात कर दी गई। मामले से वरिष्ठ अफसरों को अवगत कराया गया तो उन्होंने आस-पास के थानों को भी अलर्ट करते हुए किडनैपिंग के मामले को सुलझाने के निर्देश दिए।

**पति ने किया है अपहरण :** महिला अपने दो बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी, उसी समय ईको गाड़ी से उसका अपहरण कर लिया गया। पुलिस सभी रास्तों पर तैनात की जा चुकी है और जिस गाड़ी से किडनेप किया है उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**सुधाकर सिंह तोमर,**
**टीआई,**
**डबरा देहात**

# ज्ञान का स्रोत मानव चेतना : प्रो. उपाध्याय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 फरवरी।** आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसिस द्वारा दो दिवसीय 11वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 'रेस-2026' का शुभारंभ संस्थान के उस्ताद अल्लाउद्दीन खान ऑडिटोरियम में हुआ। जिसका

**आईटीएम में दो दिवसीय 11वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 'रेस-2026' का शुभारंभ**

विषय 'स्पेशल एम्फसिस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एप्लीकेशंस' रहा। कार्यक्रम में दिल्ली से आए प्रोफेसर सौम्य दत्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में प्रो. राजीव जैन, प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, प्रो. नीलिमा चंदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीएम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने की। वहीं मंच पर इस नेशनल कॉन्फ्रेंस की संयोजक और स्कूल ऑफ साइंसेस की डीन ऋचा कोठारी, डीन अकादमिक प्रो. रंजीत सिंह तोमर, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक

उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया। स्वागत सत्र में डॉ. मनीष शर्मा, प्रो. सोनिया जौहरी, डॉ. रीता शर्मा, डॉ. विद्या लक्ष्मी, सुश्री किमी मिंज, सुश्री काजोल बट्टा एवं विभिन्न संकायों के डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, देशभर से आए विषय विशेषज्ञ, प्रतिभागी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर सौम्य दत्ता ने अपना व्याख्यान देते हुए एआई की उपलब्धियों की सराहना की, साथ ही इसके संभावित दुष्प्रभावों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एआई आज मानव जीवन को सरल, तेज और अधिक कुशल बना रही हैं, लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग से उर्जा खपत बढ़ रही है, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरणीय दबाव में वृद्धि हो सकती है। 'विशेष अतिथि प्रोफेसर राजीव जैन (डायरेक्टर, डीएसटी प्रोजेक्ट, दिल्ली) ने रसायन विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में एआई उद्योगों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी उपकरण बन चुका है। विशेष अतिथि प्रोफेसर स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा केवल एक विषय तक सीमित नहीं रह सकती।

विशेष अतिथि प्रोफेसर नीलिमा चंदेल (पूर्व वाइस चांसलर, कोटा यूनिवर्सिटी) ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस नेशनल कॉफ्रेंस का लाभ आप सभी उठाएं। वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि तकनीक भी एक प्रकार की प्राकृतिक प्रक्रिया है। मनुष्य स्वभावत: ऊर्जावान और सृजनशील है, जो समय-समय पर नई तकनीकों की खोज करता है। आर्थिक परिप्रेक्ष्य में एआई को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्पादकता, दक्षता और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अंत में डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक द्वारा आभार प्रदर्शन किया।

### अवैध हथियारों का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार

**ग्वालियर।** हुरावली क्षेत्र में एक पुश्तैनी मकान पर दबिश देकर भारी मात्रा में थाना सिरोल पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई मारपीट और हवाई फायरिंग की सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों, मनीष यादव और सपना यादव को अभिरक्षा में लिया है। मुख्य आरोपी बंटी उर्फ भगत सिंह यादव और उसके दो बेटे (अंशुल एवं अनिकेत) फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

**विज्ञप्ति**

**सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मालवा बिज़नेस स्कूल, ग्राम सिकरोदा बड़ोरी, झांसी रोड, ग्वालियर का संचालन सत्र 2017-2018 से पूर्ण रूप से बंद किया जा चुका है।**

**यदि किसी भी पूर्व छात्र अथवा छात्रा का अध्ययन से संबंधित कोई दावा, आपत्ति, लेन-देन या बकाया शेष हो, तो वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 10 (दस) दिवस के भीतर महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर आवश्यक संपर्क कर लें।**

**निर्धारित समयावधि के उपरांत किसी भी प्रकार के दावे अथवा मांग के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।**

प्रबंधन
**मालवा बिजनेस स्कूल**
ग्राम सिकरोदा बड़ोरी, झांसी रोड, ग्वालियर

**CHANGE OF NAME**

**I, GHODAKE MEGHA BALAJI** is legally spouse of No. **17003975L Rank-NK Name- Ghodke Balaji Hanumant,** currently residing Vill- Ter, Teh - Osmanabad, Dist- Osmanabad, State- Maharashtra, Pin- 413509 have changed my name from **GHODAKE MEGHA BALAJI** to **MEGHA BALAJI GHODKE** Vide Affidavit No. BX 982165 & Date- 25/02/2026 before District Court Gwalior

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह कि शपथकर्ता की नाबालिग पुत्री जिसका जन्म दिनांक 26.06.2016 के नाम से पासपोर्ट क्रमांक P6823567 बना हुआ है जिसमें मेरी पुत्री का नाम NAINA अंकित है जो कि पूर्व में बने जन्म प्रमाण पत्र नं. के अनुसार था। जो कि घर की बोलबाल का नाम है। मेरे द्वारा पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन करा लिया गया है। अब मेरी पुत्री के नाम से बने जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड क्रमांक 6215 9349 1157 में पुत्री का नाम NITARA PUROHIT अंकित है। मेरे द्वारा पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की फोटोकॉपी शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। यह कि NITARA PUROHIT व NAINA दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति का होकर मुझ शपथकर्ता की पुत्री का ही नाम है। उक्त नामों के विवाद में किसी भी प्रकार के विवाद की समस्त जिम्मेवारी शपथकर्ता की होगी. यह कि पुत्री के नाम से बने पासपोर्ट में पुत्री का नाम NAINA के स्थान पर NITARA PUROHIT अंकित कर दिया जाये.

शपथकर्ता
डॉ. निखिल पुरोहित पुत्र डॉ. हरी मोहन पुरोहित, निवासी बी.एच. 143. दीनदयाल नगर, ग्वालियर (म.प्र.) एफीडेविट नं. डीसी 447389

### कट्टे, कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर।** थाना ग्वालियर पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति किसी गंभीर अपराध की नियत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की, तो संदिग्ध ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना ग्वालियर में अपराध क्रमांक 75/26 के तहत धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दलबीर सिंह पुत्र श्री मायाराम शावय और नीरज सिंह पुत्र श्री मायाराम सिंह ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 11 ब्लॉक डी स्थित द ग्रीन पार्क ग्राम मउ जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 296/2 का भाग कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 63 है, जो मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारो के विक्रेता विक्रम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 14259202501191229 तारीखी 21.03.2025 में श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा सम्पादित किया गया। मेरे पक्षकारों के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में प्लॉट क्र.12, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में सम्पत्ति दीगर ,दक्षिण में प्लॉट क्र. 10 जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकारों के पूर्व विक्रेता श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा मेरे पक्षकारो के विक्रेता विकम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 11 ब्लॉक डी को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के परिवार सदस्य पूनम सिंह, मधुलिका पुत्रिया स्व. श्री महेन्द्र सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरे पक्षकारों श्री दलबीर सिंह पुत्र श्री मायाराम शावय और नीरज सिंह पुत्र श्री मायाराम सिंह ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क. 11 ब्लॉक डी का कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक 25.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा जुही राजावत पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह राजावत ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 02 ब्लॉक डी स्थित द ग्रीन पार्क ग्राम मउ जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 245 का भाग 750 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 63 है, जो मेरे पक्षकारान ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारान के विक्रेतागण शिमला, अनिताबाई, ओमवती पुत्रिया स्व. श्री प्रहलाद सिंह ने रजिस्टर्ड मु. आम दस्तावेज क्र. ई रजिस्ट्रेशन नं. एमपी 21IGR17412025ए400158018 तारीखी 19.03.2025 में चन्द्रभान सिंह लोधी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद सिंह के हित में सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में -प्लॉट क्र. 21, पश्चिम में रास्ता, उत्तर मे प्लॉट क्र. 03, दक्षिण मे प्लॉट क्र. 01 भूमि जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण शिमला, अनिताबाई, ओमवती पुत्रिया स्व. श्री प्रहलाद सिंह के द्वारा मु. आम चन्द्रभान सिंह लोधी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद सिंह ने मेरी पक्षकारा शशी पाल पत्नी श्री अजमेर पाल ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 02 ब्लॉक डी कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश एंव विक्रेतागण के परिवार सदस्य भारत सिंह, घनश्याम, चन्द्रभान पुत्रगण स्व. श्री प्रहलाद सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा जुही राजावत पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह राजावत ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 02 ब्लॉक डी कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक 25.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

### गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 25 फरवरी।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में दुकानदारों द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना कार्रवाई कर वार्ड 50 में 1000 रूपये एवं वार्ड 43 में 7500 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोगेंद्र यादव, दीपांशु करोसिया, दक्षिण फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफीसर सेवाराम खरे, विंकेश बागडे, वार्ड हेल्थ ऑफीसर विक्रम बांगडे आदि उपस्थित रहे।

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं **Service No. 23002329A Rank L/NK NAME- AMULLYA RABHA, BTY-HQ 109 LT AD REGT (SP)** Residence at Village-odalguri PO.- Tikrikilla PS.- Tikrikilla Dist- West Garo Hills, State- Meghalaya PIN- 794109 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम **TILOTOMA RABHA** एवं **D.O.B. 12.02.1968** त्रुटिवश अंकित है।

अतः मेरी माताजी का सही नाम **TILOTTOMA RABHA** एवं सही **D.O.B. 01.01.1966** को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 198194 & Date- 18.02.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

# निगमायुक्त ने देखी सीवर समस्या

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने ग्वालियर विधानसभा अंतर्गत होने वाले सीवर के कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री आरके शुक्ला, सहायक यंत्री रामसेवक शाक्य, कार्तिक पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वार्ड 31 साया होटल के पास सीवर लाइन की शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान देखा कि यहां पर काफी पुरानी लाइन डली होने के कारण सीवर लाइन डैमेज हो गई है, जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को नई सीवर लाइन डालने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही गांधी नगर में पीछे की गलियों एवं अशोक विहार में सीवर लाइन को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां पर चार इंच की लाइन डली है, जिस कारण काफी समस्या आ रही है, उक्त सीवर लाइनों को बदलने के निर्देश दिए। निगमायुक्त संघ प्रिय ने राजीव आवास योजना के आवासों में डली सीवर लाइन को देखा। जहां पाया कि उक्त लाइन डेमेज हो चुकी तथा इसके स्थान पर दूसरी सीवर लाइन डालने के निर्देश दिए। साथ ही मानपुर फेस - 01 में 02 किमी सीवर लाइन डलनी है उसका निरीक्षण किया। इसके बाद हस्सू-हद्दू खॉ से बहोडापुर डैमेज हो चुकी सीवर लाइन को देखा तथा नवीन सीवर लाइन हेतु निर्देशित किया। साथ ही संत कृपाल आश्रम से चंदन नगर तक नवीन सीवर लाइन डालने के लिए आवश्यक कार्यवाही के संबंध संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### निगम परिषद की बैठक आज

**ग्वालियर 25 फरवरी।** नगर निगम परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन गुरुवार 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा /2026 /110
ग्वालियर दिनांक-24/02/2026

**// मृत्यु नामांतरण सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती नीलम धायगोड़े पत्नी स्व. श्री अशोक राव निवास बी-29, रामकृष्णपुरी, थाटीपुर, मुरार, ग्वालियर को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर-सी ब्लॉक-07 भूखण्ड क्र 64 एम.आई.जी. 200 वर्ग मीटर आकार का आवंटित किया गया था। आवंटिती की मृत्यु दिनांक 18/04/2022 को होने के उपरांत उनके पुत्र श्री सपन राय धायगोड़े पुत्र श्री अशोक राव, निवास 51 नेहरू कॉलोनी, नियर श्री अपार्टमेंट, थाटीपुर, ग्वालियर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम से नामांतरण करने का अनुरोध किया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर फोती नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा /2026 /121
ग्वालियर दिनांक-24/02/2026

**// सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरविन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री निर्मल चन्द्र जैन निवास- 61. अम्बेडकर मार्के ट, पुस्तक बाजार भिण्ड म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-ए2 ब्लॉक-03 भूखण्ड क्र. 122 एम.आई.जी. 200 वर्गमीटर आकार आवंटित किया गया था। श्री अरविन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त भूखण्ड के पट्टे का हस्तांतरण द्वारा श्री आकांक्षा गहोई पत्नी श्री विशाल गुप्ता, निवासी-82/15, वार्ड नं. 15 लहार भिण्ड म.प्र. एवं कर्णिका गुप्ता पत्नी श्री अभिषेक गुप्ता निवासी वार्ड नं0 5, सरस्वती स्कूल के पास, लहार भिण्ड म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

**कार्यालय संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक जयारोग्य चिकित्सालय समूह ग्वालियर**

क्रमांक 2924-28 / क्रय/2026 ग्वालियर दिनांक 17/02/2026

**प्रथम ई-निविदा सूचना**

गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर से सम्बद्ध जयारोग्य चिकित्सालय समूह ग्वालियर में भर्ती मरीजों के लिये फल एवं सब्जी का क्रय करने हेतु ई-निविदाएँ www.mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आमत्रित की जाती है:-

इच्छुक निविदादाता www.mptenders.gov.in पर पोर्टल से निविदा शर्तें एवं फार्म दिनांक 24.02.2026 से दोपहर 4:30 बजे से निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन क्रय कर पोर्टल के माध्यम से ही अपने प्रस्ताव ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदा क्रय/विक्रय एवं जमा करने की अंतिम दिनांक एवं अन्य सम्पूर्ण विवरण निविदादाता पोर्टल से प्राप्त कर सकेगा। निविदा फार्म का मूल्य रूपये 1000/- निर्धारित है एवं ऑनलाईन प्रोसेसिंग शुल्क पृथक से देय होगा जो कि निविदादाता को ही वहन करना होगा।
आंमत्रित निविदा का वार्षिक अनुमानित मूल्य रूपये 15 लाख है।

संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
जयारोग्य चिकित्सालय समूह ग्वालियर

G-26381/25

**कार्यालय संयुक्त संचालक